दिन— बुधवार

दिनांक— 15 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज भागलपुर जिले के कासिल गांव से राज्य के नवस्थापित दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करेंगे।

02. बीपीएससी की एकल चरण में आयोजित होने वाली परीक्षाएं अब दो चरणों में होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंधमें अनापत्ति संसूचित की।

03. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से प्रचार और जनसम्पर्क में आयी तेजी। भाजपा ने चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज और पूर्णियां समेत छह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रदेश के दो सौ ग्यारह प्रखंडों में नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में आज से पठन—पाठन की शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित कासिल गांव में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में इन महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर भी मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार नये डिग्री महाविद्यालयों में पहले सत्र में छह विषयों अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र विषयों की पढ़ाई होगी। इन महाविद्यालयों में अब तक साठ हजार से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। नवस्थापित महाविद्यालयों में संबंधित विश्वविद्यालयों की ओर से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जल्द ही बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के जरिये तीन हजार छह सौ से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की जायेगी। स्थायी भवन या परिसर बनने तक ये महाविद्यालय संबंधित प्रखंडों के चयनित प्लस—टू विद्यालयों या अन्य भवनों में संचालित होंगे। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में से दो सौ ग्यारह प्रखंडों में अब तक कोई भी अंगीभूत या सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालय नहीं था।

सविता पारीक आकाशवाणी समाचार पटना।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से एकल चरण में आयोजित होने वाली परीक्षाएं अब दो चरणों में होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आयोग को पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि परीक्षाओं की प्रक्रिया और स्वरूप तय करने के लिए

आयोग पूरी तरह स्वतंत्र है। इसके लिए विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। आयोग संबंधित विभागों से परामर्श लेकर परीक्षाओं को दो चरणों में आयोजित कर सकता है। इस फैसले के बाद शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथा चरण और सहायत शिक्षा विकास अधिकारी परीक्षा समेत अन्य परीक्षाओं में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा प्रणाली लागू हो सकती है।

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल छब्बीस उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाये गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच में जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी समेत चौदह उम्मीदवारों के पर्चे रद्द कर दिये गए। इधर, प्रमुख उम्मीदवारों में एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार, राजद से रेखा कुमारी और जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर के नामांकन वैध पाये जाने के बाद समर्थकों में उत्साह है। प्रत्याशी सोलह जुलाई तक नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा ने चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद, मनोज तिवारी, विधान पार्षद पवन सिंह समेत कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इधर, उपचुनाव के लिए एनडीए और राजद समेत अन्य दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार और जनसम्पर्क कर रहे हैं।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए रेल भूमि पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। रेलवे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किए गए सुधारों पर नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि बिजली संयंत्रों में उत्पन्न होने वाली फ्लाई ऐश को अब कंटेनरों में भेजा जाएगा ताकि इसकी बारीक धूल पर्यावरण को प्रदूषित न कर सके।

———साउंड बाईट———

अभी तक क्या चेलेंज आता था रेल ट्रांसपोटेशन में जब उसको वैगन में भरते हैं तो फ्लाई ऐश बहुत फाइन होती है उसको लोड करने के टाइम में बहुत पॉल्यूशन होता है। फिर जब उसको ट्रांसपोर्ट करो, जब ट्रेन 100 की स्पीड से चलेगी तो बहुत सारी प्लाई ऐश निकल के बाहर आ जाती है और पूरे रास्ते उसका ट्रांसपोटेशन का प्रोब्लम होता है। सो डेट्स वाए वी ब्रोट दिस रिफॉम फ्लाई ऐश के लिए स्पेशल कंटेनर डिजाइन किया है जिसमें लोडिंग होगी टॉप से।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में मजदूरी मद में तेरह अरब सात करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के कार्यान्वियन के लिए इस मद में नौ अरब चौबीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि उपलब्ध करा दी गयी है। श्री कुमार ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की साठ प्रतिशत जबकि राज्य की चालीस प्रतिशत की हिस्सेदारी है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की रोजगार गारंटी दी जायेगी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद की जमानत रद्द करने से इंकार कर दिया। न्यायमूर्मि एम.एन. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. बराले की पीठ ने मामले में झारंखड उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप से मना कर दिया है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय से लम्बित अपीलों पर सुनवाई में तेजी लाने को कहा है।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले दो सौ से अधिक अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह में शामिल हुये। इस दौरान श्री कुमार ने अभ्यर्थियों से लोक सेवक के रूप में संवैधानिक आदर्शों को व्यवहार में उतारने की अपील की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की सम्भावना है।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज अररिया और किशनगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, कटिहार, मधुबनी, पूर्णिया और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया में सबसे अधिक एक सौ इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुयी है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज में खतरे के निशान से एक सौ दो सेंटीमीटर ऊपर चला गया है। इधर, हमारे पश्चिम चम्पारण संवाददाता ने बताया है कि वाल्मिकीनगर गंडक बराज से कल रात ग्यारह बजे तक दो लाख इक्कीस हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है।

———साउंड बाईट———

गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। अगले आदेश तक सभी अभियंताओं की छुट्टी को रद्द कर दी गयी है। इधर, जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह ने गंडक नदी के किनारे बसे लोगो को सतर्क रहने और आवश्यकता होने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

बागमती नदी सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में लाल निशान से लगभग सौ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया है कि जिले में नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। इससे कई स्थानों पर कटाव की समस्या शुरू हो गयी है। नदी का जलस्तर डूबा घाट में लाल निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर है। कई स्थानों पर नदी के दोनों तटबंध के अंदर पानी फैलने लगा है।

वहीं, कमला बलान नदी झंझारपुर में एक सौ बीस सेंटीमीटर और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से एक सौ तेरह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, महानंदा, परमान और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। सहरसा जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड अंतर्गत सहुरिया पंचायत में परसाहा कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामपोखर और भेड़हा गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है।

———————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खरीफ मौसम के तहत जिन जिलों में बुआई और धान रोपनी की गति अपेक्षाकृत धीमी है वहां विशेष अभियान चलाया जायेगा। विभागीय समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने जिला कृषि पदाधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण कर रोपनी कार्यों की निगरानी के निर्देश दिये हैं।

इधर, अलनीनो के संभावित दुष्प्रभाव को देखते हुये पूर्वी क्षेत्र के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान –आईसीएआर पटना ने किसानों के लिए परामर्श जारी किया है। इसके अनुसार किसानों को कम आयु वाली स्वर्ण श्रेया, स्वर्ण उन्नत और प्रभात समेत सूखा सहने वाले धान बीजों की खेती करनी चाहिए।

---

वैशाली स्थित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप परिसर में इस वर्ष नवंबर–दिसंबर में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध समागम का आयोजन किया जायेगा। पटना स्थित सचिवालय कक्ष में हुई बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

---

राज्यस्तरीय सहयोग शिविर में शिकायत आने के बाद वैशाली जिले के गोरौल अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी राजू कुमार को कर्तव्य में लापरवाही के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

---

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने डांस ग्रुप में शामिल तीन नाबालिग लड़कियों को मुक्त करा लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन नया सवेरा थ्री प्वाइंट ओ के तहत यह सफलता मिली है। उन्होंने लोगों से बाल श्रम, मानव तस्करी और शोषण के मामलो में चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर– एक शून्य नौ आठ या स्थानीय प्रशासन को सूचित करने की अपील की है।

---

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसिया हनुमानगंज के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर पर सवार तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई।

---

पटना जिले के अगमकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में पुलिस ने एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद किया है। पटना पूर्वी की पुलिस अधीक्षक शैलजा ने बताया कि वैन चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

---

फीफा विश्व कप के पहले सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में स्पेन ने फ्रांस को दो–शून्य से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइन आज अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेला जायेगा। विश्व कप का फाईनल मुकाबला बीस जुलाई को खेला जायेगा।

---

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में छह विकेट से हरा दिया है। बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सौ अंठावन रन बनाए। जवाब

में भारत ने पैंतालीस ओवर और दो गेंदों में चार विकेट खोकर दो सौ बासठ रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रृंखला का दूसरा मुकाबला कल कार्डिफ में खेला जाएगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सहयोग कार्यक्रम में सीएम ने खुद सौ समस्याएं सुलझाए।

दैनिक जागरण ने लिखा है– होर्मुज में वाणिज्य जहाज पर ईरानी हमले में गोपालगंज के युवक की मौत।

प्रभात खबर ने फीफा विश्व कप से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर लिखा है– स्पेन सोलहर साल फाइनल में, फ्रांस का सपना टूटा।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– अदालतों की मांग पर सुप्रीम कोर्ट चौबीस घंटे सातों दिन करेगा सुनवाई।

राष्ट्रीय सागर लिखता है–सोनम वांगचुक सत्रह दिनों से अनशन पर, कई प्रमुख हस्तियों ने अनशन खत्म करने की अपील की।

आज अखबार के शब्द हैं– बिहार के सभी छत्तीस सदर अस्पतालों में अब रात में भी मिलेगी इमरजेंसी सेवा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज भागलपुर जिले के कासिल गांव से राज्य के नवस्थापित दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करेंगे।

02. बीपीएससी की एकल चरण में आयोजित होने वाली परीक्षाएं अब दो चरणों में होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंधमें अनापत्ति संसूचित की।

03. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की ओर से प्रचार और जनसम्पर्क में आयी तेजी। भाजपा ने चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज और पूर्णियां समेत छह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।